प्रेक्षिका,

मंजू कुमारी,
अपर सिविल जज (सी0 डी0) -9
गाज़ियाबाद।

सेवा में,

श्रीमान महा-निबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
जनपद- गाज़ियाबाद।

संदर्भ- अधोहस्ताक्षरी का स्वयं का पासपोर्ट बनवाए जाने हेतु NOC जारी किए जाने हेतु पूर्व में प्रेषित प्रार्थना पत्र के लिए स्मृति प्रार्थना पत्र।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि प्रार्थिनी द्वारा स्वयं के पासपोर्ट की NOC जारी किए जाने के संबंध में एक प्रार्थना पत्र, पत्रांक संख्या-3108/I के माध्यम से दिनांक 01/07/2019 को (वांछित शपथ पत्र के साथ) पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को प्रेषित किया गया था। जिसके उपरांत माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त पत्राचार, पत्रांक संख्या-10982/IV-4014/Admin(A)/दिनांकित-20/08/2019 के अनुपालन में पत्रांक संख्या- 5056/I दिनांकित 03/10/2019 से उक्त के संबंध में प्रार्थिनी ने वांछित दो अतिरिक्त पासपोर्ट साइज़ फोटो (जिनमें एक स्व-प्रमाणित) भी माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को पुनः प्रेषित कर दिया गया था। परंतु उक्त के उपरांत भी अधोहस्ताक्षरी को (स्वयं का) पासपोर्ट बनवाने हेतु माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से NOC अभी तक प्राप्त नहीं हो सकी है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र प्रार्थना है की अधोहस्ताक्षरी के पासपोर्ट की NOC जारी किए जाने के संबंध में अधोहस्ताक्षरी का यह प्रार्थना पत्र माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के समक्ष विचार किए जाने हेतु रखने की कृपा करें।

प्रार्थिनी आपकी सदैव आभारी रहेगी।

सादर।

भवदीया,
22/1/2020

दिनांक- 22/01/2020

(मंजू कुमारी)
अपर सिविल जज (सी0 डी0) -9
गाज़ियाबाद।

पत्रांक संख्या- दिनांक-

अग्रसारित,

श्रीमान महा-निबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद

द्वारा,

जनपद न्यायाधीश,
गाज़ियाबाद।

(प्रार्थिनी द्वारा इस प्रार्थना पत्र को संबन्धित पोर्टल पर नियमानुसार upload कर दिया गया है)

Scanned by CamScanner